प्रारंभिक मूल्यांकन

- यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।
- विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।
- शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।
- टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।

प्र. 1 पृथ्वी को धरा भी कहते हैं, इसी प्रकार निम्नलिखित को और क्या कहते हैं ?

बादल .... सागर ....

नदी .... माँ ....

प्र. 2 कौन क्या करता है लिखिए –

डॉक्टर – ....

अध्यापक – ....

किसान – ....

पुलिस – ....

प्र. 3 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –

(क) चूहा <u>छोटा</u> होता है, जबकि बिल्ली .... होती है।

(ख) हाथी का वजन <u>अधिक</u> होता है, चूहे का वजन .... होता है।

(ग) वर्षा को .... कचौरी पसंद है, हर्षा को <u>ठण्डी</u> लस्सी।

(घ) श्यामपट्ट का रंग <u>काला</u> होता है, जबकि चॉक का रंग .... होता है।

प्र. 4 नीचे लिखे वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए –

(क) बोतल में पानी है। .... (ख) कविता भोजन बनाती है। ....

(ग) बीना जयपुर जा रही है। .... (घ) पवन पतंग उड़ा रहा है। ....

प्र. 5 उचित विराम चिह्न लगाकर अनुच्छेद को पूर्ण कीजिए –

आज आसमान में बादल छाए हुए हैं श्यामा राधा कमला और रेखा खेत पर गई हुई है माँ ने कहा—न जाने मेरी बच्चियाँ कैसी होगी पिता ने पूछा बच्चियाँ कब गई थी

प्र. 6 नीचे दिए गए संवाद को आगे बढ़ाइए –

चॉक : मैं सबको पसंद आती हूँ। लिखने का काम जो करती हूँ।

डस्टर : श्याम पट्ट को लिखने जैसा मैं ही तो बनाता हूँ।

चॉक : ....

....

डस्टर : ....

....

प्र. 7 बताइए इन वाक्यों में कौन–सी क्रिया सकर्मक है और कौन–सी अकर्मक क्रिया है।

(क) गोविंद चित्र बना रहा है। .... (ख) आशा खाती है। ....

(ग) भरत पानी भरता है। .... (घ) किरण आती है। ....

प्र. 8 नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य निर्माण कीजिए –

(क) साधन/हैं ?/भेजने के/समाचार/क्या–क्या

....

(ख) झुंड/एक/था।/उड़/कबूतरों का/रहा

....

प्र. 9 गाड़ी चलाते समय हमें किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तर ....

प्र. 10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पाँच प्रश्न बनाइए –

मैना नाम की एक छोटी बच्ची थी। उसके पिता का नाम नाना फड़नवीस था। नाना साहब देश की आजादी चाहते थे। मैना भी उनके विचारों से सहमत थी। अंग्रेज इस बात पर उन दोनों से नाराज थे। अंग्रेजों ने नाना साहब के महल में आग लगवा दी। नानासाहब की बहादुरी से दोनों सकुशल बाहर आ गए।

(क) ....

उत्तर छोटी बच्ची का नाम मैना था।

(ख) ....

उत्तर मैना के पिता का नाम नाना फड़नवीस था।

(ग) ....

उत्तर अंग्रेजों ने महल में आग लगवा दी।

(घ) ....

उत्तर नाना साहब की बहादुरी से दोनों बाहर आ गए थे।

11. नीचे अखबार की कतरन दी गई है इसे पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

बीकानेर, 28 मार्च। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बाल वैज्ञानिकों के लिए 10 अप्रैल तक मॉडल का चयन किया जाएगा। मॉडल की प्रदर्शनी आर.एस.सी.ई.आर.टी. उदयपुर द्वारा आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। निदेशक महोदय ने बताया कि मॉडल का चयन समिति द्वारा किया जाएगा तथा चयनित छात्र–छात्राओं को 10000 रु. प्रोत्साहन राशि और बाल वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया।

(क) यह समाचार कहाँ से प्रकाशित हुआ है?

....

(ख) राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कौन–सा पुरस्कार दिया जाएगा?

....

(ग) इस समाचार को अच्छी तरह पढ़कर अपने विद्यालय का कोई समाचार बनाकर लिखिए ?

....

....

(घ) पुरस्कार में क्या दिया जाएगा ?

....

प्र. 12 निम्नांकित चित्र को देखकर अपने विचार लिखिए –

....

....

....

....

....

....

प्र. 13 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

बहुत निराला भारत अपना, हिमगिरि मुकुट मनोहर है।
जंगल, पर्वत, नदियाँ, मिट्टी, खानें पुण्य धरोहर हैं।
कण–कण में सूरज की किरणें, नित उग ऊर्जा भरती है।
अनुपम आबहवा के कारण, छह ऋतुओं की धरती है।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

....

(ख) पुण्य धरोहर किसे कहा गया है ?

....

(ग) हमारी धरती को छः ऋतुओं की धरती कहा गया है। छः ऋतुओं के नाम लिखिए।

....

....

....

(घ) हम भारत की धरती को कैसे सजा–सँवार सकते हैं ?

....

....

....

....

प्र. 14 बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए –

....

7 फरवरी 2024

....

नमस्ते!

....

....

....

....

....

....

....

....

विशाल

....

प्र. 15 नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। उनकी सहायता लेकर एक कहानी लिखिए –

एक, दर्जी, हाथी, रोटी, खिलाना, दुकान, रास्ते में, जाता, नदी, पानी, नहाता, पीता, एक दिन, सूई, चुभाना, सूंड़, दर्द, कीचड़, फैलाना, कपड़े, खराब, हो गए, दुखी, हुआ

....

....

....

....

....

....

....

विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

टिप्पणी :

विद्यार्थी समूह

समूह-1 **समूह-2**